# Billionaires in India: अमेरिका और चीन के बाद सबसे ज्यादा अरबपति भारत में, एक साल में 11% बढ़ी तादाद

नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार साल 2016 से 2021 के दौरान भारत में अरबपतियों की तादाद में 69% की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है.

Written by FE Online
Updated: March 1, 2022 9:59:14 pm




भारत समेत पूरी दुनिया में अरबपतियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है.

**Billionaires Population in India:** आप चाहें तो इसे आपदा में अवसर की सबसे कामयाब मिसाल भी कह सकते हैं! कोरोना महामारी के चलते भले ही पूरी दुनिया में आम लोगों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा हो, लेकिन इस दौरान भारत समेत दुनिया के कई देशों में अरबपतियों की संख्या तेजी से बढ़ी है.

नाइट फ्रैंक की ताजा वेल्थ रिपोर्ट (Knight Frank Wealth Report 2022) के अनुसार साल 2021 में अल्ट्रा-हाई-नेट-वर्थ-इंडिविजुअल्स (UHNWI) की संख्या में भारत में 11% का इजाफा हुआ है. वहीं, वैश्विक स्तर पर इन अरबपतियों की संख्या में 9.3% की वृद्धि हुई है. इस दौरान, 51 हजार से ज्यादा लोगों की शुद्ध संपत्ति 3 करोड़ डॉलर से अधिक हो गई. UHNWI के तहत 3 करोड़ डॉलर या करीब 226 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाले अमीरों को शामिल किया गया है.

### अरबपतियों के मामले में भारत तीसरे नंबर पर

Top 5 countries with most number of billionaires in 2021

| Billionaires | 2021 | 2020-21 | 2016-21 |
|---|---|---|---|
| US | 748 | 15% | 38% |
| Chinese mainland | 554 | 32% | 121% |
| India | 145 | 24% | 69% |
| Germany | 136 | 14% | 13% |
| Russia | 121 | 20% | 53% |

*Source: Knight Frank Wealth Sizing Model*

अमेरिका और चीन के बाद भारत 2021 में अरबपतियों की आबादी के मामले में तीसरे नंबर पर है. रिपोर्ट के अनुसार, इक्विटी बाजार और डिजिटलीकरण को बढ़ावा मिलने के चलते भारत में अरबपतियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है. भारत में लगभग 69% अमीरों की संपत्ति में साल 2022 में 10% से अधिक की उछाल की संभावना है. एशिया अरबपतियों के क्लब में अग्रणी बना हुआ है. साल 2021 में दुनिया भर के कुल अरबपतियों में से 36% एशिया में हैं. एक दिलचस्प आंकड़ा यह भी है कि साल 2016 से 2021 के दरमियान यानी 5 सालों में भारत में अरबपतियों की तादाद 69 फीसदी बढ़ी है.

Russia-Ukraine War Impact: LIC IPO में हो सकती है देरी, वित्त मंत्री ने कहा, जरूरत पड़ी तो टाइमलाइन पर दोबारा विचार के लिए तैयार

### लगभग पूरी दुनिया में बढ़े अरबपति

दुनिया भर के लगभग सभी हिस्सों में 2020 और 2021 के बीच अरबपतियों की संख्या में इजाफा हुआ है. इस दौरान, अरबपतियों की संख्या में अमेरिका में 12.2%, रूस और CIS में 11.2%, आस्ट्रेलिया में 9.8%, मध्य पूर्व में 8.8%, लैटिन अमेरिका में 7.6%, यूरोप में 7.4% और एशिया में 7.2% की बढ़ोतरी हुई है. हालांकि इस दौरान अफ्रीका में अरबपतियों की संख्या में 0.8% की गिरावट आई है.

### भारतीय शहरों में बेंगलुरु पहले नंबर पर

प्रमुख भारतीय शहरों की बात करें तो बेंगलुरु में 226 करोड़ रुपये या उससे अधिक की संपत्ति वाले अमीरों की संख्या में सबसे ज्यादा 17.1% का इजाफा हुआ है. दिल्ली ऐसे रईसों की संख्या में 12.4% की बढ़ोतरी के साथ दूसरे और मुंबई 9% की वृद्धि के साथ तीसरे नंबर पर है.

Maruti Suzuki की बिक्री घटी तो टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के आंकड़ों में हुआ सुधार, फरवरी में ऑटो कंपनियों ने दिखाया मिला-जुला रूझान

### आगे भी होगी बढ़ोतरी

नाइट फ्रैंक का अनुमान है कि पांच सालों में वैश्विक स्तर पर UHNWI की आबादी में 28% की और वृद्धि होगी. इनमें, एशिया और आस्ट्रेलिया में 33% के साथ सबसे ज्यादा वृद्धि होगी. इसके बाद उत्तरी अमेरिका में 28% और लैटिन अमेरिका में भी 28% की बढ़ोतरी का अनुमान है. भारत में UHNWI आबादी 2021 और 2026 के बीच 39% बढ़ने की उम्मीद है.